## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव,परिजनों में कोहराम

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम मखदुमपुर काज़ी निवासी एक युवक का शव मंगलवार रात भरवारी-मंझनपुर मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान सुरेश कुमार उर्फ बंता पुत्र श्यामलाल के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंके जाने का गंभीर आरोप लगाया है।

मखदुमपुर काज़ी निवासी श्यामलाल का पुत्र सुरेश कुमार उर्फ बंता मुंबई में रहकर काम करता था। वह सोमवार को ही मुंबई से अपने गाँव वापस लौटा था। मंगलवार को उसने परिजनों से दशरथपुर स्थित अपनी मौसी के घर जाने की बात कही और घर से निकल गया। मंगलवार शाम तक जब सुरेश घर नहीं पहुँचा, तो चिंतित परिजनों ने दशरथपुर स्थित रिश्तेदारों को फोन किया। मौसी के परिवार वालों ने बताया कि सुरेश शाम को ही यह कहकर निकल गया था कि वह भरवारी में किसी रिश्तेदार के जन्मदिन समारोह में जा रहा है। परिजनों ने सोचा कि काफी दिनों बाद मुंबई से आने के कारण वह रिश्तेदार के यहाँ रुक गया होगा। मंगलवार देर रात परिजनों को किसी राहगीर के माध्यम से सूचना मिली कि भरवारी-मंझनपुर मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा है। खबर मिलते ही बदहवास परिजन मौके पर पहुँचे और मृतक की पहचान सुरेश कुमार उर्फ बंता के रूप में की। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के पिता श्यामलाल का कहना है मेरा बेटा बेहद हंसमुख और सुलझा हुआ युवक था। वह आत्महत्या जैसा कदम कभी नहीं उठा सकता। उसकी साजिश के तहत हत्या की गई है और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है। वहीं गाँव में इस बात की भी दबी जुबान से चर्चा है कि मामले के पीछे कोई प्रेम-प्रसंग का का चक्कर भी हो सकता है। सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने शव को कस्टडी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की गहनता से जाँच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ सकी थी।


मृतक के घर मौजूद गमजदा परिजन।

## चिल्ला शहबाजी विद्यालय में बच्चों के सेहत-भोजन पर दिया जा रहा ध्यान

चायल,कौशाम्बी। चायल ब्लाक के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय चिल्ला शहबाजी में बुधवार को पढ़ाई के साथ बच्चों की सेहत और भोजन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देखने को मिला। खंड शिक्षा अधिकारी डा० अरुण कुमार सिंह और एसआरजी अनुराग पांडेय ने विद्यालय पहुंचकर मिड डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता और भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी ग्रहण किया। थाली में परोसे गए भोजन की गुणवत्ता बेहतर मिलने पर प्रधान शिक्षिका पूनम सिंह की कार्यप्रणाली की सराहना की। इसके बाद उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों और शिक्षण व्यवस्था को परखा। बच्चों की सक्रियता और विद्यालय की सुव्यवस्थित शैक्षणिक गतिविधियों ने भी अधिकारियों को प्रभावित किया। विद्यालय की व्यवस्थाएं बेहतर मिलने पर उन्होंने प्रधान शिक्षिका पूनम सिंह के साथ पूरी शिक्षक टीम की पीठ थपथपाई। अधिकारियों ने कहा कि बेहतर समन्वय और समर्पित प्रयासों से विद्यालय में पढ़ाई के साथ बच्चों के पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## कैम्पफायर में थिरके एनसीसी कैडेट्स दस दिवसीय शिविर का समापन


प्रशिक्षण शिविर में परेड करते एनसीसी कैडेट्स।

करारी,कौशाम्बी। डा० एएच रिजवी डिग्री कॉलेज में १७ यूपी बीएन एनसीसी के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार देर शाम कैम्पफायर एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। उत्तर प्रदेश के १४ जिलों से आए करीब ६०० कैडेट्स ने शिविर में सैन्य गतिविधियों के साथ अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और राष्ट्रसेवा का प्रशिक्षण लिया।

समापन समारोह में कैडेट्स ने गीत-संगीत, नृत्य और देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। दस दिनों में कैडेट्स को ड्रिल-परेड, पीटी, फायरिंग, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, मानचित्र अध्ययन, खेलकूद, फैग एरिया और ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर गौरव वत्स ने शिविर का निरीक्षण कर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। कैंप कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह के मार्गदर्शन और सूबेदार मेजर ओंकार सिंह यादव की देखरेख में शिविर संचालित हुआ। प्राचार्य डा० साकिब तौफीक और कार्यवाहक प्राचार्य डा० राजेश सक्सेना ने कहा कि एनसीसी युवाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है। शिविर के समापन पर कैडेट्स नई ऊर्जा और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ अपने-अपने जिलों के लिए रवाना हुए, और कैंप का समापन हुआ।

## लंबित भुगतान को लेकर भड़कीं आशा कार्यकर्त्रियों ने शिविर में किया हंगामा

चायल,कौशाम्बी। स्थानीय ब्लाक में आयोजित सेवा संकल्प शिविर में बुधवार को आशा कार्यकर्ताओं ने लंबित मांगों और प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने सात फरवरी २०२६ को स्वास्थ्य मंत्री और आशा वर्कर्स यूनियन के बीच हुई १३ सूत्रीय मांगों पर सहमति को लागू कराने की मांग को लेकर सीएचसी अधीक्षक संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष पुष्पा देवी ने बताया कि मांगो के समझौते को लागू करने के लिए अपर प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित हुई थी, लेकिन कमेटी की रिपोर्ट के बाद अंतिम बैठक अब तक नहीं बुलाई गई। उन्होंने राज्यांश १५०० से बढ़ाकर ७५०० रुपये करने, चार माह का मातृत्व अवकाश, दुर्घटना बीमा दो लाख से बढ़ाकर १० लाख रुपये करने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा के अतिरिक्त पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देने की मांग उठाई। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने के प्रोत्साहन समेत दस्तक, संचारी, टीवी, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग, पोलियो, नसबंदी और जेएसवाई की प्रोत्साहन राशि लंबे समय से लंबित है। कोविड-१९ के दौरान केंद्र से घोषित एक हजार रुपये प्रतिमाह की राशि का भुगतान भी नहीं हुआ। आभा आईडी के लिए एक जनवरी २०२३ से भुगतान का आदेश होने के बावजूद पूरा भुगतान नहीं किया गया। कार्यकर्ताओं ने अभियानों की प्रोत्साहन राशि संशोधित कर दैनिक ५०० रुपये करने या फिर कार्यसूची से हटाने, लंबित भुगतान अविलंब करने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में आशाएं मौजूद रहे।

## दिव्यांग महिला ने लगाया आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री की नियुक्ति में धांधली का आरोप

चायल,कौशाम्बी। स्थानीय बाल विकास परियोजना कार्यालय क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव की गीता देवी पत्नी संतलाल दिव्यांग है। उसने बताया कि उसके गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिये एक नियुक्ति निकली थी। उसने भी अपने लिये ऑनलाइन आवेदन किया था। वह बीपीएल कार्डधारक के साथ ही गरीब महिला है। कार्यालय के अधिकारियों ने हेराफेरी करके उसी पद पर गांव के एक महिला की नियुक्ति कर दी जो हर हाल में सम्पन्न है,उसका पति हाईकोर्ट में कर्मचारी है, साथ ही चार पहिया वाहन मालिक भी है। मामले की जानकारी मिलने पर उसके होश उड़ गए।उसने कार्यालय जाकर मामले की जानकारी हासिल करना चाहा तो उसे कुछ भी बताने से इंकार कर दिया गया। पीडिता ने बुधवार को इसकी शिकायत एसडीएम से करते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। उप जिलाधिकारी प्रेरणा गौतम ने सीडीपीओ से जवाब तलब किया है।

## विपक्षी ने महिला के साथ मारपीट कर दी धमकी

### मोहल्ले में लगे हैण्डपम्प को लेकर हुआ था विवाद,प्राथमिकी दर्ज

कड़ा,कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी खतीब गांव के एक व्यक्ति का आरोप है कि पड़ोस का एक विपक्षी मोहल्ले के लगे हैंडपंप को लेकर मां के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने लगा और धमकी देने लगा, पीडित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी खतीब गांव निवासी हिमांशु कुमार पुत्र फूलचंद्र ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि तीन महीने पहले उसने घर के पास हैंडपंप लगवाया था जिसको लेकर पड़ोस का एक विपक्षी मां संगीता देवी के साथ आएदिन गाली गलौच करता है।

पीडित का आरोप है कि रविवार की रात नौ बजे विपक्षी मां को गाली गलौच कर रहा था जिसका विरोध करने पर विपक्षी मारपीट कर चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा, पीडित की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने आदित्य कुमार उर्फ बद्दन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। पुलिस का कहना है, कि आरोप सही पाये जाने पर कारवाई होगी।

## सेवा संकल्प अभियान शिविर में पूर्व विधायक ने सुनी समस्या


जनता की शिकायत सुनते पूर्व विधायक ।

करारी,कौशाम्बी। करारी नगर पंचायत सभागार में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविर लगाया गया। जिसमें मंझनपुर के निवर्तमान विधायक लाल बहादुर ने लोगों की समस्याएं सुनी एवं निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। शिविर में ज्यादातर मामले आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन का रहा।

करारी नगर पंचायत सभागार में आयोजित सेवा संकल्प अभियान शिविर की अध्यक्षता मंझनपुर के निवर्तमान विधायक लाल बहादुर ने किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जा रहा है। शिविर के माध्यम से पात्र आमजन को योजनाओं का लाभ से लाभान्वित करना है। शिविर में ज्यादातर मामले आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड के रहे। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। साथ ही शिविर में मौजूद डॉक्टरों से स्वास्थ्य की जांच करवाकर सभी लोगों को नियमित स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कराने का आह्वान किया। इस मौके पर चेयरमैन शमशाद बख्श, सभासद सुनील चौधरी, सभासद सुशील रैना, डॉ शोएब अहमद अंसारी, लेखपाल राज किरण सिंह, जीशान सिद्दीकी, अतर सिंह यादव, रोहित गुप्ता, सभासद सुनीता चौधरी, अमित मिश्र, रोहित गुप्ता आदि रहे।

## शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप

कड़ा,कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली एक युवती ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले के एक युवक पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और गर्भवती होने पर शादी से मुकरने का आरोप लगाया है, पीडिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक युवती का आरोप है कि मोहल्ले के एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था, धीरे धीरे जब दोनों में प्रसंग गहरा हुआ तो युवक शादी का झांसा देकर संबंध बनाने लगा, पीडिता के मुताबिक वह चार महीने की गर्भ से है और युवक से शादी का आग्रह किया तो युवक शादी से मुकर गया, और माता पिता को जान से मारने की धमकी देता है, पीडिता की तहरीर पर कड़ा धाम पुलिस ने मनोज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। मामले को लेकर थानेदार का कहना है, कि जांच किया जा रहा है, आरोप सही पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ कारवाई किया जायेगा।

## बाल यौन उत्पीड़न के प्रति किया जागरूक


छात्र से शिक्षा के बारे में जानकारी लेते सिविल जज।

करारी,कौशाम्बी। सदर तहसील के रक्सवारा गांव स्थित कंपोजिट स्कूल में बुधवार को बच्चों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, बाल यौन उत्पीड़न आदि के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा ने विशिष्ट अतिथि सिविल जज अभिषेक त्रिपाठी सीनियर डिवीजन त्वरित न्यायालय का स्वागत किया। इसके बाद प्रार्थना सभा मे उपस्थित सिविल जज द्वारा प्रार्थना, राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान के उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा बाल संरक्षण एवं यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनी ढांचों के बारे में किशोर बच्चों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से सिविल जज अभिषेक त्रिपाठी सीनियर डिवीजन त्वरित न्यायालय द्वारा शिविर के माध्यम से बच्चों से संवाद किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बच्चों को उनके अधिकारों, निजता व उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बैड टच गुड टच के बारे में बताते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके सवालों का बड़ी ही सहजता से जवाब दिया। उनके साथ उपस्थित पैनल लॉयर अंकित ने बच्चों को अपने साथ होने वाले किसी भी अपराध के प्रति मौन न रहकर अपराधी का खुलासा करते हुए अपराधी को सजा दिलाने पर जोर दिया। स्थानीय थाना में स्थापित मिशन शक्ति की प्रभारी कंचन उपस्थित बालिकाओं को गुड टच बैड टच को अच्छे से समझाया। उन्होंने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन दूरभाष संख्या व अन्य टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। इस मौके पर अल्का सक्सेना, अजय सिंह, राम प्रकाश स्वर्णकार, बसंत सिंह, रंजीता यादव, यौगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संदीपन घाट में पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, संदिग्धों से पूछताछ

चायल,कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कड़े दिशा-निर्देशों के अनुपालन में थाना संदीपन घाट के महगांव चौकी प्रभारी ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक व सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई से अवांछनीय व अराजक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। अभियान के तहत महगांव चौकी प्रभारी जगरूप सिंह यादव की अगुवाई में हे, का, रविंद्र कुमार का,नीतीश मौर्य पुलिस बल के साथ मुख्य चौराहों सार्वजनिक स्थानों व संवेदनशील मार्गों पर पैनी नजर रखी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र से गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों विशेषकर दोपहिया व चार पहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात खंगाले और चालकों व सवार व्यक्तियों की गहन तलाशी ली। चेकिंग के साथ-साथ पुलिस टीम ने आम नागरिकों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। चौकी प्रभारी ने बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वालों को चेतावनी देते हुए सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। चौकी प्रभारी ने बताया कि आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस तरह के चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस की इस मुस्तैदी की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## चेयरमैन ने सफाई कर्मियों को माला पहनाकर किया सम्मानित

करारी,कौशाम्बी। करारी नगर पंचायत कार्यालय परिसर से में बुधवार को चेयरमैन शमशाद बख्श ने नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद सफाई कर्मियों को बेहतर साफ सफाई के प्रति जिम्मेदारी निभाने का कड़ा निर्देश दिया।

नगर पंचायत कार्यालय में एकत्रित सफाईकर्मियों को चेयरमैन शमशाद बख्श ने फूल माला पहनाकर सम्मानित व स्वागत किया। इस दौरान चेयरमैन शमशाद बख्श ने कहा कि नगर पंचायत की साफ सफाई सफाई कर्मियों के कंधे पर है। वह सारा दिन नगर पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करते हैं। सफाई कर्मी नगर पंचायत के विकास में रीढ़ की तरह हैं। समय समय पर इनका उत्साहवर्धन एवं इनका सम्मान हम सभी को करना चाहिए। उन्होंने सभी सफाई कर्मियों एवं सफाई नायकों को निर्देशित किया कि वह लोग कस्बे को स्वच्छ रखने के लिए जिम्मेदारी पूर्वक काम करें। इस मौके पर अली कुरैशी, मो० असलम, जीशान अहमद, अफ़नान शेख, वरिष्ठ लिपिक मो शुएब आदि मौजूद रहे।

## अभिलेखागार कर्मचारी पर रिकार्ड न देने का आरोप

चायल,कौशाम्बी। स्थानीय तहसील क्षेत्र के कोटिया गांव की अनीता देवी ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर राजस्व अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की है। आरोप है कि अभिलेखागार के कर्मचारी ने उनकी आराजी संख्या से संबंधित सीएच-४१, सीएच-४५ और नक्शा बंदोबस्त की नकल देने से मना कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर कर्मचारी ने अभद्र व्यवहार करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और कार्यालय से बाहर करा दिया। महिला ने मामले की जांच कर अभिलेख उपलब्ध कराने और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## डिजिटल लाइब्रेरी का डीपीआरओ ने किया निरीक्षण

कड़ा,कौशाम्बी। कड़ा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारा हवेली खालसा में स्थित डिजिटल लाइब्रेरी का बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल सिंह ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी की विभिन्न व्यवस्थाओं, अध्ययन सामग्री और डिजिटल उपकरणों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। डीपीआरओ अनिल सिंह ने लाइब्रेरी में पढ़ने आ रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली और संचालन व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए डिजिटल लाइब्रेरी एक मील का पत्थर साबित होगी। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन परिसर में युवाओं और बालक-बालिकाओं की सुविधा होगी।

## दिमागी बुखार एवं संचारी रोगों पर प्रभावी नियन्त्रण सरकार की प्राथमिकता-सीडीओ

### मुख्य विकास अधिकारी ने की विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक,साफ-सफाई, फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश

मंझनपुर (कौशाम्बी)। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सरस हॉल में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर अंतरविभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान ०१ अक्टूबर से ३१ अक्टूबर २०२६ तक तथा घर-घर दस्तक अभियान १२ अक्टूबर से ३१ अक्टूबर २०२६ तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित व सटीक उपचार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

सीएमओ ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। इसके तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के मामलों की निरंतर निगरानी करेगा और फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा ई-कवच पोर्टल पर लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची दर्ज कर लक्षणों के आधार पर जांच व उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक के घनत्व का आकलन, जलस्रोतों में कमी, लार्वारोधी गतिविधियों, जरूरत के अनुसार फॉगिंग तथा व्यवहार परिवर्तन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। वहीं नगर विकास विभाग नगरीय क्षेत्रों में व्यक्तिगत व वातावरणीय स्वच्छता, खुले में शौच पर रोक, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, नालियों की नियमित सफाई, फॉगिंग और सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों व वनस्पतियों को हटाने का कार्य करेगा।

पंचायती राज एवं ग्राम विकास विभाग ग्रामीण इलाकों में ग्राम निगरानी समितियों के जरिए जन-जागरूकता फैलाने, हाथ धोने, शौचालयों की सफाई और जल निकासी के लिए प्रचार-प्रसार करेगा। इसके अलावा वीएचएसएनसी के माध्यम से 'क्या करें, क्या न करें' का सघन प्रचार करने, मनरेगा फंड से एंटी-लार्वा छिड़काव, पेयजल स्रोतों से शौचालयों की सुरक्षित दूरी बनाए रखने और कचरा प्रबंधन के साथ प्रत्येक पात्र मकान में शौचालय निर्माण कराकर गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाए रखने का जिम्मा संभालेगा। पशुपालन विभाग सुअर पालकों को पोल्ट्री जैसे वैकल्पिक व्यवसायों से जोड़ने, बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित कराने, बाड़ों की नियमित साफ-सफाई, कीटनाशक छिड़काव और उन्हें मच्छररोधी जाली से ढकने के लिए पशुपालकों को प्रशिक्षित करेगा।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने क्षेत्र के कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों की सूची तैयार कर उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराएंगी तथा गंभीर स्थिति में पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) पर भेजेंगी, साथ ही दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्रियों के साथ मिलकर शत-प्रतिशत गृह भ्रमण करेंगी। शिक्षा विभाग शिक्षक-अभिभावक बैठकों के माध्यम से अभिभावकों को दिमागी बुखार और संचारी रोगों के बचाव के प्रति संवेदीकृत करेगा तथा छात्रों को दिए जाने वाले पोस्टर व निबंध जैसे असाइनमेंट्स में अभिभावकों की दो पंक्तियों की टिप्पणी के जरिए सहभागिता दर्ज कराएगा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) को सुदृढ़ कर दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने का कार्य करेगा।

वहीं कृषि एवं सिंचाई विभाग जलभराव वाले स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन को रोकने, सिंचाई के वैकल्पिक उपायों, मच्छररोधी पौधों को उगाने और नई तकनीकों के प्रयोग के लिए किसानों को तकनीकी सलाह देगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी तालमेल स्थापित कर अभियान को पूरी तत्परता से सफल बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ।

## सैनी बस स्टाप प्रभारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

कड़ा सैनी बस स्टॉप परिसर में बस स्टॉप प्रभारी शिव बाबू सिंह पटेल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारियों और सहयोगियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके कार्य एवं व्यवहार की सराहना की। साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिव बाबू सिंह पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखा। उनकी कार्यशैली और सहयोगात्मक व्यवहार को लंबे समय तक याद किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में डीपीओ प्रभारी गंगा शंकर शर्मा, संचालन प्रभारी मनोज पाठक, टीआई फारूक आलम, राम प्रकाश पटेल, प्रभाकर शुक्ला, आरिफ राशिद उर्फ गप्पू भाई, दिलीप सेन, रविंद्र सिंह, कमलेश कुमार, गया पटेल, मोहम्मद यूनुस, अंजुम अली, मोनू मौर्य और चिंटू यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने सेवानिवृत्त प्रभारी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को सराहा।

## पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल ने लगातार चौथी बार जीती खो-खो ट्राफी

### ७०वीं नगर उत्तर संभाग विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता

कौशाम्बी। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में आयोजित तीन दिवसीय ७०वीं नगर उत्तर संभागीय विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता में मेजबान पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार सर्वश्रेष्ठता की ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की कुल १६ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवतपुर शिवम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक एवं रेलवे बोर्ड भारत सरकार के पूर्व सदस्य डॉ. प्रभु शंकर शुक्ल ने की। शिवम सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासित जीवन का माध्यम बताया। अंडर-१९ बालिका वर्ग के फाइनल में डीपी गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए फूलमती देवी इंटर कॉलेज को १८.५ अंकों के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-१७ वर्ग में मेजबान पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की बालिका टीम ने नारायण आश्रम बालिका इंटर कॉलेज को ११.०२ अंकों से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-१४ समेत अन्य वर्गों में भी मेजबान विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई जीत दर्ज कीं। समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीतिमा शुक्ला, उपप्रधानाचार्या निर्मला पांडेय, एनसीसी समन्वयक शुभम सैनी समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। संचालन क्रीड़ा सचिव जगदीश कुमार मौर्य ने किया।


खो-खो प्रतियोगिता की विजेता टीम।

## बच्चों का कराया अन्नप्राशन

कड़ा, कौशाम्बी। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र कड़ा में किया गया कार्यक्रम में महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल कुशवाहा भाजपा मण्डल महामंत्री रहे कार्यक्रम में मुख्य सेविका नीलम देवी तथा आँगनबाडी कार्यकत्री रंजना देवी,ताज बानो, कल्पना सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।